**Class -VI**

**Mid Term examination (2022-23 )**

**Subject – Hindi**

**Set – A1/A2**

**Marking scheme/Solution**

| प्र. स. सेट - A1 | प्र. स. सेट - A2 | प्रश्न-प्रकार | अंक विभाजन | कुल अंक 80 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | अनुच्छेद लेखन - विषय प्रतिपादन, अभिव्यक्ति, भाषिक शुद्धता | 1x5 | 5 |
| 2 | 11 | पत्र लेखन- प्रारूप , अभिव्यक्ति तथा भाषिक शुद्धता। | 1x5 | 5 |
| 3 | 12 | छात्र स्वमतानुसार लिखेंगे। | 1x5 | 5 |
| 4 | 1 | क) कवि - शमशेर बहादुर सिंह, कविता - चाँद से थोड़ी सी गप्पें\|<br>ख) गोल चाँद है और वह ज़रा-सा तिरछे नज़र आते हैं।<br>ग) ओर<br>**अथवा**<br>क) जब बाँहों में फ़ौलाद की ताकत और सीने में फ़ौलादी इरादे हों, तब हम चट्टानों से भी रास्ता निकाल सकते हैं।<br>ख) मिलकर बोझ उठाने से काम आसान हो जाता है अकेला व्यक्ति थक जाता है। इसलिए मिलकर भार उठाना चाहिए।<br>ग) मज़बूत | 2+2+ 1 | 5 |
| 5 | 2 | क) छोटी चिड़िया चढ़ी हुई नदी से बिलकुल भी नहीं घबराती है। वह उफनती नदी के बीच से अपनी चोंच में पानी की बूंद लेकर उड़ जाती है। यानी लबालब भरी नदी की जलराशि का अनुमान लगाकर उस जलराशि में से जल का मोती निकाल लाती है अर्थात उसी पानी से | 3x3 | 9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | चिड़िया अपनी प्यास बुझाती है, इसीलिए पानी मोती की तरह अमूल्य है।<br>ख) चंद्रमा के घटने बढ़ने को देखकर बालिका ने इसे एक लाइलाज बीमारी माना है क्योंकि कितनी भी परिस्थितियाँ बदलती रहे चाँद के इस घटने बढ़ने में कोई परिवर्तन नहीं आता है \| चाँद ने तारों से जड़े समस्त आकाश को पहना हुआ है।<br>ग) साहिर ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि एक साथ मिलकर काम करने से बड़ी से बड़ी बाधाओं में भी रास्ता निकल आता है, यानी काम आसान हो जाता है। साहसी व्यक्ति सभी बाधाओं पर आसानी से विजय पा लेता है क्योंकि एकता और संगठन में शक्ति होती है जिसके बल पर वह पर्वत और सागर को भी पार कर लेता है | | |
| 6 | 3 | क) डॉक्टर साहब ने लेखिका को आश्वासन दिया था कि अगर वह कुछ देर ऐनक पहनेंगी तो ऐनक उतर जाएगी। लेखिका का चश्मा न उतरने के लिए वह खुद जिम्मेदार हैं क्योंकि वह दिन कि रोशनी की जगह रात को टेबल लैंप के सामने बैठकर पढा करती थी जिसके कारण उनकी नजर कमजोर हो गई थी, इस वजह से उन्हें चश्मा लगाना पड़ा।<br>ख)लेखिका बचपन में चॉकलेट को बड़े मजे से खाती थी। उनको सप्ताह में एक बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी। लेखिका चॉकलेट को साइडबोर्ड पर रख देती थी फिर बिस्तर पर लेटकर मजे से खाती थी। इसके अतिरिक्त कुल्फ़ी, शहतूत, फ़ाल्से के शरबत, चॉकलेट, पेस्ट्री तथा फल मजे ले-लेकर खाती थी। कुछ प्रमुख फल ‘काफल’ और ‘चेस्टनट’ था।<br>ग) दुनिया का पुराना हाल पहाड़, समुद्र,नदियाँ, जंगल के जानवरों की पुरानी हड्डियों, पत्थर के टुकड़ों से जाना जाता है।गोल और चमकीला दिखाई देने वाला रोड़ा पहले ऐसा नहीं था। पहले वह चट्टान का टूटा हुआ नोकीला खुरदरा टुकड़ा था। बारिश के पानी में बहकर वह छोटी घाटी तक आया। पानी के साथ निरंतर ढकेले जाने के कारण उसके कोण घिसकर गोल और चमकदार बन गए। | 4x4 | 16 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | घ)इस वाक्य का यह अर्थ है कि विद्यापति जैसे लोकगीतों की रचना करने वाले अन्य क्षेत्रों में भी होते हैं। यानी जिस तरह मिथिला क्षेत्र में मैथिल कोकिल विद्यापति के गीत लोकप्रिय हैं, उसी प्रकार हर क्षेत्र में हर जगह पर कोई-न-कोई प्रसिद्ध लोकगीत रचनाकार पैदा हुआ है, जिसके गीतों की उस क्षेत्र में विशेष धूम रहती है। बुंदेलखंड के लोकगीत रचनाकार जगनिक का 'आल्हा' इसका उदाहरण है।<br>ड़)वास्तविक लोकगीतों का संबंध गाँव देहात की सामान्य जनता से है \| हमारे यहाँ लोकगीत ऐसे हैं जिन्हें स्त्रियों के खास गीत कहा जा सकता है। ऐसे गीत में त्योहारों पर नदियों में नहाते समय के, नहाने जाते रास्ते के गीत, विवाह के अवसर पर गाए जाने वाले गीत, मटकोड, ज्यौनार के, संबंधियों के लिए प्रेमयुक्त गाली, जन्म आदि के गीत स्त्रियों के गीत हैं। इसके अतिरिक्त कजरी, गुजरात का गरबा और ब्रज का रसिया भी स्त्रियों द्वारा गाया जाने वाला गीत है। | | |
| 7 | 4 | रिक्त स्थान भरिए -<br>क) साहिर लुधियानवी।<br>ख) भगवतशरण उपाध्याय<br>ग) केदारनाथ अग्रवाल<br>घ) कृष्णा सोबती<br>ड) पं० जवाहरलाल नेहरू | 1x5 | 5 |
| 8 | 5 | क) भरत बार-बार राम से लौटने का आग्रह करते रहे। राम हर बार पुरी विनम्रता और दृढ़ता के साथ अस्वीकार करते रहे\|<br>ख) रघुकुल की परंपरा के बारे में महर्षि वशिष्ठ ने कहा, "राम रघुकुल की परंपरा में राजा ज्येष्ठ पुत्र ही होता है। तुम्हें अयोध्या लौटकर अपना दायित्व निभाना चाहिए। इसी में कुल का मान है।" | 2x3 | 6 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ग) भरत के चेहरे पर निराशा के भाव थे क्योंकि वे असफल हो गए थे। राम को मनाने में। | | |
| 9 | 6 | (क) वाक्य शुद्ध कीजिए- यहाँ गाय का शुद्ध घी मिलता है। **या** मैं शाम चार बजे स्टेशन जाऊँगा।<br>(ख) **किसी एक** मुहावरे का अर्थ लिखिए - ज़मीन - आसमान एक करना- बहुत परिश्रम करना **या** खून खौलना- बहुत क्रोध आना\|<br>(ग) दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए **(कोई एक)** -<br>चंद्रमा- चाँद,शशि/ गाय- गौ, धेनु | 1<br>1<br>2 | 4 |
| 10 | 7 | **निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-**<br>क) (ii) ग्वालिन<br>ख ) (iii) कविताएँ<br>ग ) (iii) र् + उ + प् + अ + य् + आ<br>घ) (iii) यथार्थ<br>ड़ ) (ii) अहंकार<br>च) (iv) २४<br>छ) (iii) अल्पाहारी<br>ज) (iii) अतिथि | 1x8 | 8 |
| 11 | 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-**<br>क) (iii) लक्ष्मी और इंद्र की पत्नी<br>ख) (i) हृदय और भीतर<br>ग) (iii) सब, वंश<br>घ) (ii) जवाब , दिशा का नाम<br>ड़) (iii) स्वर<br>च) (iv) अनुनासिक | 1x6 | 6 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | 9 | **रेखांकित पद का भेद सही विकल्प चुनकर बताइए -**<br>क) (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा<br>ख) (iii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण<br>ग) (iii) संबंधवाचक सर्वनाम<br>घ) (iii) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण<br>ङ ) (ii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम<br>च) (ii) भाववाचक संज्ञा | 1x6 | 6 |

**AA**